**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य थाना मंसूरपुर**

**प्रेस नोटः- दिनांक 30.08.26**

## * ओपरेशन सवेरा के तहत थाना मंसूरपर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान 01 किलो 260 ग्राम गांजा (नाजायज) सहित एक वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार*

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक महोदय, मेरठ जोन मेरठ एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद मुजफ्फनगर श्री संजय कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण, पुलिस अधीक्षक नगर श्री अमृत जैन, क्षेत्राधिकारी खतौली महोदय श्रीमती रूपाली राय चौधरी तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मंसूरपुर श्री विपिन कुमार त्यागी के कुशल नेतृत्व में थाना मंसूरपुर पुलिस द्वारा उच्चाधिकारीगणों द्वारा चलाये जा रहे अभियान ओपरेशन सवेरा के तहत की गयी कार्यवाही।

**गिरफ्तारी का विवरण** -- थाना मंसूरपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम हुसैनपुर बोपाडा के पास संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चैकिंग की जा रही थी, उसी समय मुखबिर के जरिए सूचना प्राप्त हुई कि आपके थाने का एक वांछित अभियुक्त मादक पदार्थ लेकर ग्राम हुसैनपुर बोपाडा जंगल के रास्ते से कही बेचने के लिए जा रहा है। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुँचकर मु0अ0सं0- 236/2026 धारा- 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट के वांछित अभियुक्त सोनू पुत्र रमेश निवासी ग्राम पुरबालियान थाना मंसूरपुर मु0नगर को गिरफ्तार किया गया। जिसकी जमातलाशी ली गयी तो अभियुक्त के कब्जे से एक प्लास्टिक के थैला जिसमें कुल 01 किलो 260 ग्राम गांजा (नाजायज) बरामद हुआ। अभियुक्त को समय से मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।




**<u>*गिरफ्तार अभियुक्त का नाम/पता-*</u>**

**1-** वांछित अभि0 सोनू पुत्र रमेश निवासी ग्राम पुरबालियान थाना मंसूरपुर जिला मु0नगर

**बरामदगी का विवरण**

☐ 01 किलो 260 ग्राम गांजा (नाजायज)

**अभियुक्ता का आपराधिक इतिहास**

**1.** मु0अ0सं0- 236/2026 धारा- 8/20/29 एनडीपीएस एक्ट चालानी थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर।

***गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-***

*1-* उ0नि0 श्री अभिषेक गुप्ता थाना मंसूरपुर मुजफ्फरनगर।

*2-* का0 230 अनिल कुमार थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर।

*3-* का0 2160 रोहित कुमार थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर।

प्रभारी निरीक्षक

थाना मंसूरपुर मु0नगर